हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

06 संघ शताब्दी वर्ष पर बस्ती चांचौड़ा में पथ संचलन घोष...




07 केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्राम फतेहाबाद में 2.08 करोड़ के नए विद्युत ...






# गुना में 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आज होगा भव्य शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्थानीय खेल नोडल केंद्र, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 का सोमवार को दोपहर 2 बजे भव्य शुभारंभ होने जा रहा है । इस प्रतियोगिता में बास्केटबॉल 17 वर्ष बालक / बालिका वर्ग के मैच आयोजित किए जाएंगे ।इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन , इंदौर, रीवा, ग्वालियर, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम, शहडोल, जबलपुर और जनजातीय विभाग कुल 10 संभागों की टीमें भाग लेंगी । इस राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल 240 बालक एवं बालिक खिलाड़ी ,50 कोच / मैनेजर एवं 30 ऑफिशियल्स सहित लगभग 320 खिलाड़ी एवं ऑफिशल्स इस आयोजन में सहभागिता करेंगे। आयोजन समिति द्वारा विभिन्न संभागों से आई गई टीमों के लिए भोजन, परिवहन एवं सुरक्षा संबंधी समुचित प्रबंध किए गए हैं। प्रतियोगिता स्थल पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।प्रतियोगिता का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश गोयल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आयोजन समिति में सहायक संचालक सुश्री प्रेरणा गुप्ता ,ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर सुश्री गरिमा टोप्पो , जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री देवेंद्र पटेरिया , प्रिंसिपल एक्सीलेंस स्कूल श्री एच एन जाटव , नोडल खेल प्रभारी श्री मनोज शर्मा , प्रवीण खांडेकर,साधना श्रीवास्तव ,देवेंद्र शर्मा, मुकुंद शर्मा, मदन महावन, एस आर रघुवंशी और बास्केट बॉल संघ के अध्यक्ष अतुल लुंबा सक्रिय रूप से प्रतियोगिता की तैयारियों में जुटे हैं।

## समाचार संक्षेप

### डाली 29 वीं किस्त, गुना जिले की 2 लाख 28 हजार 444 लाड़ली बहनें हुई लाभान्वित



**गुना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना योजनान्तर्गत प्रदेश की लगभग 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त 1541 करोड की राशि का अंतरित की । जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रट स्थित एनआईसी कक्ष में दिखाया गया। इस दौरान गुना जिले की 02 लाख 28 हजार 444 लाडली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 28,01,25,200/- (अठाईस करोड एक लाख पच्चीस हजार दौ सौ मात्र) की राशि अंतरित की गयी। इस अवसर पर उपस्थित लाड़ली बहनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के लाईव संबोधन को देखा एवं सुना गया। कार्यकम में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग गुना दिनेश कुमार चंदेल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना गौरव खरे, परियोजना अधिकारी शहरी प्रदीप नारायण मिश्रा सहित लाड़ली बहनें उपस्थित रही।

### आज सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** प्रबंधक शहर मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि 33 केव्ही गुना फीडर पर पोस्ट मेंटनेंस कार्य होने से 13 अक्टूबर 2 को सुबह 10 से दोपहर 03 बजे तक 33 केव्ही एचटी कनेक्शन पुराना इंडस्ट्रियल एरिया का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाय़ा भी जा सकता है।

### पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का आरोन दौरा आज

**आरोन।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी द्वारा बताया गया कि 13 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह एक दिवसीय दौरे पर आरोन आ रहे हैं । विधायक सिंह सुबह 10:30 बजे राधौगढ़ से प्रस्थान कर 11:00 बजे आरोन में पहुचेंगे इसके बाद 11:10 बजे से रेस्ट हाउस पर वोट चोरी अभियान के तहत चल रहे हस्ताक्षर अभियान की बैठक लेंगे । जिसमें सभी कांग्रेस संगठनों के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस,महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस,शहर कांग्रेस,मंडल अध्यक्षगण एनएसयूआई सेवादल,समस्त पार्षदगण,एवं आरोन ब्लॉक के समस्त कार्यकर्तागण से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### गुना ग्रामीण खंड के बरखेड़ा गिर्द एवं मावन मंडल पर निकला भव्य पथ संचलन

**गुना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयदशमी उत्सव के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज गुना ग्रामीण खंड के बरखेड़ा गिर्द एवं मावन मंडल पर भव्य पथ संचलन निकाला गया।संचलन अनुशासनबद्ध एवं पंक्तिवद्ध रूप से गांव की गलियों से निकला। जब संचलन गलियों से होकर गुज़रा तो पूरा गांव राममय वातावरण और धार्मिक नारों के जयघोष से गूंज उठा। जगह-जगह ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा एवं रामधुन बजाकर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।बरखेड़ा गिर्द मंडल के कार्यक्रम में मंच परसुरेश साहू खंड संघचालकमुख्य वक्ताः वल्लभ किरार जिला सह कार्यवाहउपस्थित रहे। वल्लभ किरार ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक हिंदू परिवार से एक स्वयंसेवक को जोड़कर समाज को संगठित करना और भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म ही "वासुदेव कुटुंबकम" के सिद्धांत के माध्यम से विश्व कल्याण की भावना रखता है।मावन मंडल के कार्यक्रम में मंच पर राधे रघुवंशी सह खंड संघचालकमुख्य वक्ताः देवेंद्र मिश्रा विभाग प्रौढ़ कार्य प्रमुखउपस्थित रहे।अपने बौद्धिक में देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयदशमी के दिन वर्ष 1925 में हुई थी, और आज संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ अपने अनुशांगिक संगठनों के माध्यम से समाज में निरंतर सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का दीप जलाए हुए है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के सामने पीड़ित परिवार ने किया खुलासा

### जिला अस्पताल में नहीं मिली सरकारी एंबुलेंस

# 9 हजार 500 खर्च कर एक निजी एंबुलेंस से दीपक कुशवाहा को भोपाल ले जाना पड़ा


*बीजेपी के लोगों की 'मगरमच्छ से भी चमड़ी मोटी हो गई है' और अब उन्हें हराना ही पड़ेगाः पटवारी*





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

करवा चौथ के दिन गुना के माधवराव सिंधिया मार्ग पर आकाशवाणी के समीप हुई सड़क दुर्घटना में प्रियंका कुशवाहा और उनके पति दीपक कुशवाहा की मौत के बाद, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह ने रविवार को मृतक के परिजनों ने मुलाकात की। इस दौरान मृतक दंपती की दो वर्षीय मासूम बच्ची को गले लगाने के दौरान जीतू पटवारी भावुक हो गए। उन्होंने मामले में जिला प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी निशाना साधा। पटवारी ने कहा कि बीजेपी के लोगों की 'मगरमच्छ से भी चमड़ी मोटी हो गई है' और अब उन्हें हराना ही पड़ेगा। पटवारी ने कहा कि जब चुनाव का समय आता है तो सिंधिया और उनके नजदीकी घर-घर जाकर वोट मांगते हैं लेकिन इस तरह की घटनाओं में उनकी संवेदनशीलता चिंता का विषय है।



मुलाकात के दौरान दीपक कुशवाहा के भाई अंकित कुशवाह और अन्य परिजनों ने जीतू पटवारी और जयवर्धन सिंह को घटना की जानकारी दी और सरकारी लापरवाही को लेकर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों ने बताया कि दीपक कुशवाहा की गंभीर हालत होने के बावजूद, उन्हें जिला अस्पताल गुना में सरकारी एंबुलेंस नहीं मिली। इसके चलते उन्हें 9,500 खर्च कर एक निजी एंबुलेंस से दीपक कुशवाहा को भोपाल ले जाना पड़ा, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

पटवारी और जयवर्धन ने इस मामले में पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा है कि वह हर संभव मदद का प्रयास करेंगे। कांग्रेस नेता पीड़ित परिवार के घर भी शोक व्यक्त करने के लिए जाएंगे।

## स्वच्छता का निरीक्षण व हनुमान चौराहे से नानाखेड़ी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं डिप्टी कलेक्टर एवं प्र.सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री की के मार्गदर्शन में नगरपालिका की टीम द्वारा रविवार को स्वच्छता व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान हनुमान चौराहे से नानाखेड़ी तक सड़क पर अतिक्रमणकारियों को विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सड़क पर गिट्टी एवं भसुआ रखने वाले दुकानदारों को सड़क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ मंजुषा खत्री एवं परियोजना अधिकारी, पीओडूडा संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में दो टीमों द्वारा प्रातः कैंट क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 34, 35 व 36 में स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड प्रभारियों को त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए वार्डों के प्रत्येक के क्षेत्र में अच्छे से सफाई करने एवं तत्काल कचरा हटाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात दोनों अधिकारियों द्वारा हाट रोड पर फल विक्रेताओं के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान उन्हें भविष्य में सड़क पर व्यवसाय नहीं करने के निर्देश दिए अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने की हिदायत दी। शहर के निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी खत्री एवं परियोजना अधिकारी श्रीवास्तव द्वारा हनुमान चौराहे से नानाखेड़ी तक का निरीक्षण कर अतिक्रमण दस्ते को सड़क पर व्यवसाय कर रहे गिट्टी, भसुआ विक्रेता तथा कंबल, अलमारी विक्रेताओं को तत्काल सड़क खाली करने के निर्देश दिए एवं उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गयी। चालानी कार्रवाई में लगभग 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया तथा 2500 रुपए के स्पॉट फाइन सड़क पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार, उपयंत्री नितिन चंदेल, विवेक श्रीवास्तव, शकील खान, अमित कुमार सहित अतिक्रमण दस्ता के कर्मचारी उपस्थित थे।

## गुना ग्रामीण खंड के म्याना मंडल पर निकाला भव्य पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

ग्रामीण खंड के म्याना मंडल पर आज राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित हुए फिर पंक्ति वेद और अनुशासन तरीके से म्याना मंडल की सभी गलियों से निकाला गया जिसे समाज जनों ने और सभी सनातनी प्रेमियों ने पुष्प वर्षा और रंगोलिया बनाकर स्वागत किया संचलन के पूर्व मंच पर मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद गोयल एवं मुकेश खंडेलवाल मुख्य वक्ता दिनेश शर्मा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभागीय संगठन मंत्री रमेश कुशवाह मंडल कार्यवाह उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के इस ऐतिहासिक क्षण पर मुख्य वक्ता ने कहा कि संघ की यात्रा केवल संगठन की नहीं, बल्कि



राष्ट्र जागरण की यात्रा है। इन 100 वर्षों में संघ ने समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत किया है। हिंदू समाज की महानता उसकी सहिष्णुता, सेवा और संस्कारों में निहित है। हिंदू धर्म विश्व को "वसुधैव कुटुंबकम" का संदेश देने वाला जीवन दर्शन है। आज आवश्यकता है कि हम अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करें और राष्ट्र को विश्व गुरु बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

## कथित अपमानजनक घटना को लेकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज ने जताया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के खिलाफ कथित अपमानजनक घटना को लेकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस घटना को जातिगत अहंकार और असहिष्णुता का प्रतीक बताते हुए समाज के लोगों ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के अनुसार दलित नेता कन्हैयाराम अहिरवार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यह घटना भारतीय संविधान में निहित समानता और न्याय के सिद्धांतों को खुली चुनौती सवाल उठाया किके आम दलितों और वंचितों की सुरक्षा और न्याय की क्या स्थिति होगी? ज्ञापन में मांग की गई है कि घटना की पूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराकर दोषियों के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी और अभियोजन सुनिश्चित किया जाए। आरोपियों के विरुद्ध गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए, क्योंकि यह कृत्य जातिगत घृणा फैलाने और संवैधानिक प्राधिकरण पर आक्रमण करने के समान है।

## फतेहगढ़ में 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत,मायके वालों ने लगाए हत्याकर लटका देने के आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

फतेहगढ़ में एक 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत का मामला प्रकाश में आया है, जिस पर से पुलिस द्वारा मृतिका के शव का पोस्टमार्टम गुना लाकर जिला चिकित्सालय में कराया गया है। मामले में सूचना पर यहां पहुंचे मायके वालों ने ससुरलजनों पर महिला की हत्या कर लटका देने के आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ निवासी राम किशोर अहिरवार की पत्नी रामकली बाई 35 वर्ष की अचानक मौत हो गई, जिसे शुरुआत से ही संदिग्ध मौत के रूप में देखा जा रहा है।

इस आशय की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने प्राथमिक जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया था। इसी बीच मृतका के मायके वाले जो कि राजस्थान के केलवाड़ा थाना इलाके के ऊनी गांव के बताए जाते हैं, भी सूचना पर से जिला चिकित्सालय पहुंच गए थे, जिन्होंने बेटी की मौत के लिए उसके पति रामकिशोर सहित सभी ससुरालजनों को यह कहते हुए जिम्मेदार ठहराया कि उन्होंने ही रामकली बाई की हत्या कर उसे आत्महत्या बताने के प्रयास किए हैं। उन्होंने इस दौरान रामकिशोर के बमौरी वन रेंज में नाकेदार के रूप में काम करने की जानकारी देते हुए बताया कि उसके अवैध संबंध की वजह से पति-पत्नी में पिछले कई वर्षों से कलह होती थी और इसी वजह से रामकली की हत्या कर दी गई। मृतका अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गई है। मायके वालों ने इस दौरान सभी ससुरलजनों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने फिलहाल मृतका का शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया है, साथ ही मर्ग कायम कर जांच में लिया है। इसी के साथ ही पुलिस ने मृतका के मायके वालों के बयान भी लिए हैं, जिनके आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी, जो कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

**पीएम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी कार्रवाई**

### मानस भवन में कृष्ण किशोर बहा रहे कृष्ण भक्ति की बयार

# माखन चोरी, दामोदर लीला, ब्रहा विमोहन, कालिया मर्दन का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मानस भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण किशोर ने पांचवें दिन रविवार, को पूतना उद्धार, नामकरण संस्कार, माखन चोरी, दामोदर लीला, ब्रहा विमोहन, कालिया मर्दन, गोवर्धन पूजा की कथा का वर्णन किया।चौथे दिन शनिवार, को समुद्र मंथन, वामन अवतार, अमरीश चरित्र, राम अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, नंदोत्सव का वर्णन किया।

इसके पूर्व तीसरे दिन शुक्रवार को भरत चरित्र, जम्मू दीप वर्णन, अजामिल कथा, बृत्रासुर कथा, प्रहलाद चरित्र, और गजेंद्र मोक्ष का वर्णन किया। इसके पूर्व कथा उत्सव में दूसरे दिन गुरुवार को विदुर-मैत्रीय



संवाद, वरहा अवतार, कपिल शिक्षा, दक्ष यज्ञ, ध्रुव चरित्र, प्रिथु महाराज, पुरंजन आख्यान का वर्णन श्री मान कृष्ण किशोर जी के मुखारविंद से हुआ। इसके पूर्व पहले दिन बुधवार को श्री कलश यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से सुबह 9:30 बजे प्रारंभ हुआ और मानस भवन में कथा प्रारंभ हुई जिसमें भागवत महात्मय, नारद चरित्र, कुंती स्तुति, भीष्म महाप्रयाण, शुकदेव परीक्षित भेंट के प्रसंग का बहुत ही प्रेरक वर्णन श्रीमान जी ने किया। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन उज्जैन) कथा वाचक कृष्ण किशोर की 8 अक्टूबर बुधवार को मानस भवन गुना में श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ दोपहर 1 बजे से मंत्रोच्चार के साथ हुआ। कथा आयोजक इंजी गिर्राज अग्रवाल एवं आलोक अग्रवाल ने सभी से कथा श्रवण करने का आग्रह किया गया हे। प्रथम दिवस की कथा में बड़ी संख्या में नगर के भक्त जनों ने मानस भवन पहुंच कथा का श्रवण किया। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 तक रहेगा और अंतिम दिन 14 अक्टूबर को कथा का समय सुबह 10 बजे से 1 बजे तक रहेगा। सुमधुर भजनों की ध्वनि से पूरा मानस भवन भक्ति में हो उठा। नगर में कृष्ण भक्ति की बयार बहने लगी।

## वनरक्षक कल्याण संघ ने योग व ध्यान शिविर लगाया

**गुना ।** वनरक्षक कल्याण संघ गुना द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए वन मंडल गुना परिसर में योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। आज की तेज़ रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती लापरवाही को देखते हुए यह पहल वनकर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए की गई। शिविर में गुना के ख्याति प्राप्त योगाचार्य महेश पाल के सानिध्य में योग, ध्यान और व्यायाम सत्र आयोजित किए गए। योगाचार्य पाल ने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और दैनिक दिनचर्या से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्र बताए।



## समाचार संक्षेप

### प्रोफेसर पद पर चयनित डां अंकित दुबे का आरोन में हुआ स्वागत



**आरोन।** आरोन नगर के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित रामदयाल शास्त्री के दामाद बासौदा जिला विदिशा निवासी डॉं अंकित दुबे के मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन होने के बाद उनके आरोन आगमन पर उनका स्वागत किया। अंकित दुबे का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक विष्णु प्रसाद दुबे, मिंटू लाल जैन, अरविंद श्रीवास्तव, राम भरोसा शर्मा, जयकुमार शर्मा, श्याम टांडेल, हरिनारायण यादव, पंकज दुबे, मुरारी ओझा, दीपक लोधी सहित उनके मिलने वाले इष्ट मित्रों सहितसभी ने श्री डां अंकित दुबे को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई प्रेषित की।

### स्व. महाराज सिंह (पटवारी) के निधन पर हीरेंद्र सिंह बंटी बना ने व्यक्त की शोक संवेदना



**आरोन।** नगर के मिलनसार एवं लोकप्रिय व्यक्तित्व स्वर्गीय महाराज सिंह (पटवारी) का विगत दिनों निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्वर्गीय महाराज सिंह, मर्दन सिंह साहू (विकास प्रेस) के छोटे भाई तथा राजेंद्र कुमार, घनश्याम बाबू (वकील) और प्रमोद साहू के पूज्य पिताजी थे।इस दुखद अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हीरेंद्र सिंह बंटी बना ने उनके तेरहवीं कार्यक्रम में पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष के साथ भाजपा के कई कार्यकर्ता एवं स्थानीयजन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वर्गीय महाराज सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के उपरांत हीरेंद्र सिंह बंटी बना अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में भी शामिल हुए।

## श्री राघौ जी हनुमान रामलीला मंडल के सुनहरे रंगमंच

# दर्शकों को भावुक कर गया दशरथ कैकेई संवाद, लीला ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ⏩राघौगढ़



श्री राघौ जी हनुमान रामलीला मंडल के सुनहरे रंगमंच पर शनिवार की रात दशरथ कैकई संवाद एवं राम बनवास की करुणामयी लीला का हृदय स्पर्शी मंचन हुआ, दशरथ बने पुरन सिंह रघुवंशी ने व्याकुल स्वर में कहा.. राम के बिना अयोध्या सुनी है , हे कैकई मुझसे तूने ऐसा वचन मांगा। जिसमें मेरा जीवित रहना असंभव है... तो दर्शक भाव विहल हो उठे ..दशरथ का दर्द हर हृदय में उतर गया... कैकई की भूमिका निभा रहे सतीश ने राजसी दृढ़ता के साथ उत्तर दिया। राजन मैंने तो केवल अपने वचनों का प्रतिफल मांगा है.. आप अपनी प्रतिज्ञा निभाइये , राम जी के सुंदर अभिनय में विनोद ने शांत संयमित स्वर में कहा पिताश्री बन जाना मेरे लिए कोई दंड नहीं, यह तो आपके वचनों की रक्षा का सौभाग्य है। उनके मुखारविंद से निकले इन शब्दों ने समर्पण और आज्ञा पालन की मर्यादा को मूर्त रूप दे दिया, दर्शकों की आंखें श्रद्धा और करुणा से भर उठीं,। लक्ष्मण की भूमिका में जयपाल ने आदेश और वेदना से भरे स्वर में कहा मैं माता कैकेई की आज्ञा मानना उचित नहीं मानता यह अन्याय है, सीता के सुंदर और आकर्षक अभिनय के साथ बबलू ओझा ने कोमल भाव से कहा, जहां राम है वहीं अयोध्या है , मैं भी साथ में बन चलूंगी..पूरा प्रांगण जय श्री राम के जय घोष से गूंज उठा , सुनील बुनकर जो निषाद का सुंदर अभिनय कर रहे थे ।उनके और लक्ष्मण के द्वारा बहुत ही शिक्षाप्रद संवाद प्रस्तुत किया गया, कौशल्या के रूप में मोहर सिंह मेर, सुमंत का सुंदर अभिनय भूपेंद्र मेर कलाकारों का सुंदर श्रृंगार श्रीनिवास सोनी ज्ञानेंद्र ओझा द्वारा किया गया, मंच की सज्जा नरेश बर्मा, हेमराज ओझा सागर सिंह, ने की इस अवसर पर लीला प्रमुख चंद्रशेखर बुनकर, पार्षद कुलदीप कश्यप, संस्थापक माखन सिंह राजपूत, राहुल वत्स, रणधीर सिंह राजपूत, गिरीश श्रीवास्तव सहित अनेकों गण मान्य धर्मप्रेमी उपस्थित रहे ।

## महाविद्यालय में हुआ अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩राघौगढ़

शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन सेल (IQAC) द्वारा ₹पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण :प्रकृति की देखभाल₹ विषय पर ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के प्रारंभ मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.माया परस्ते द्वारा सरस्वती पूजन एवं वेबीनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मुख्य वक्ताओं का स्वागत एवं परिचय कराया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आमोद शर्मा (मिस्सिपी विश्वविद्यालय, यू.एस. ए.) ने खाद्य श्रृंखला एवं मानव में कैंसर सेल से संबंधित जानकारी प्रदान की । तत्पश्चात डॉ. शोएब मोहम्मद मलिक (फ्रंटलाइन इंटरनेशनल स्कूल यू.ए.ई.) ने हरित ऊर्जा एवं रोजगार की संभावना विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की । अगले स्पीकर के रूप में डॉ. मोहम्मद अल्ताफ खान (लवली विश्वविद्यालय, पंजाब) ने प्रकृति के संरक्षण एवं पेड़ पौधों को काटने के फलस्वरूप मानव जाति पर उसके हानिकारक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । कार्यक्रम का संचालन डॉ. निसार अहमद गनी द्वारा किया गया । इस अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में आभासी पटल के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ जुड़े । अंत में डॉ. पूनम नामदेव (आई. क्यू.ए.सी. प्रभारी) ने सभी वक्ताओं, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया ।




## विकास के नए युग की ओर बढ़ता हमारा नगर मधुसूदनगढ़: विधायक प्रियंका पैंची

हरिभूमि न्यूज ⏩चांचौड़ा



चांचौडा विधायक प्रियंका पैंची ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के नगर मधुसूधनगढ़ के ग्राम नलखेड़ा के वार्ड क्रमांक 1,5,11'13 में लगभग 1 करोड़ 18 लाख 84 हजार की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमिपूजन किया एवं जनसमस्या निवारण शिविर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अवेदनो के माध्यम से जन समस्या का तत्काल निराकरण करने का वसर प्राप्त हुआइस अवसर पर विधायक द्वारा भिविन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन उनके कर कमलो से किया गया। मधुसूदनगढ़ के वार्ड क्रमांक 11 बुलावारी मंदिर से पुलिया एवं रामजानकी मंदिर से पंचम सिंह तक सीसी रोड एवंनिर्माण का निर्माण कार्य का शुभारंभ एवं वार्ड क्रमांक 11 मे अम्बेडकर भवन से मुन्ना सिंह तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 11 प्रेमसिंह यादव से बुलावारी मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 11 नन्नू सिंह अहिरवार से हेमराज मेर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 1 शासकीय स्कूल श्यामपुरा तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 1तोरई पुलिया निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 5 इमरत सिंह सिलावट से आनंदी प्रजापति तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 5 मुकेश वंशकार से जोगी समाज के मुक्तिधाम तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण का कार्य तथा वार्ड क्रमांक 5 लोकेन्द्र गुर्जर से अशोक एवं टेकरी मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 13 मे कार्य शाला से घटारी महाराज तक सीसी रोड का निर्माण कार्य का काम इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा एवं स्वच्छता का लाभ प्राप्त होगा।

## संघ शताब्दी वर्ष पर बस्ती चांचौड़ा में पथ संचलन घोष की ताल पर स्वयंसेवकों ने भरी राष्ट्रभक्ति की हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏩चांचौड़ा








राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बस्ती चांचौड़ा में भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल खेल परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः वहीं सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में विभाग संघचालक चन्द्रेश नामदेव, प्रमोद जी पवार, प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख प्रदीप गुप्ता व बस्ती प्रमुख केशव सेन उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता ने कहा कि संघ की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई थी, जो आज 40 देशों में सक्रिय है। संघ व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है।शताब्दी वर्ष (2025–26) के दौरान घर-घर संपर्क, विशाल हिंदू सम्मेलन व सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित होंगी। संचलन में तीन पीढ़ियों के पाँच परिवारों की सहभागिता रही।नगरवासियों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। आकर्षण का केंद्र 18 माह का बाल स्वयंसेवक मेधांश पाराशर रहा। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। संघ गाथा-बस्ती चांचौड़ासंघ की गतिविधियां बस्ती चांचौड़ा में 1948 से प्रारंभ हुईं।1978 में कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान से शाखा प्रारंभ हुई।2001 में प्रथम पथ संचलन निकला जिसमें 8 स्वयंसेवक शामिल हुए।संघ के आधार स्तंभ रहे — स्व. रामचंद्र पालीवाल, स्व. बृज नारायण व्यास, स्व. सतीश शर्मा, स्व. अभय मिश्रा, स्व. दिलीप नामदेव आदि, जिन्होंने बस्ती में संघ कार्य की मजबूत नींव रखी।

## आरोग्य ही मनुष्य की सच्ची पूंजी है: डॉ.श्रीवास्तव



**राघोगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राधौगढ़ में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वर्तमान संदर्भ में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया ।जिसका प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. माया परस्ते के मार्गदर्शन में एवं संयोजन डॉ. सोनाली सक्सेना के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एस.के. श्रीवास्तव ( योग वेदा फाउंडेशन) ने छात्र - छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य एवं आरोग्य के विषय में मार्गदर्शन किया कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह कुशवाहा ने किया । इस अवसर पर डॉ. राजीव शर्मा ,(स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ) उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी शैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम अंत में आभार डॉ. पूनम नामदेव ने माना।

## फसल नुकसान के मुआवजे और पराली प्रबंधन को लेकर सिंधिया को ज्ञापन सौंपा



**अशोकनगर।** संयुक्त किसान मोर्चा, अशोकनगर के पदाधिकारियों ने रविवार को चन्देरी स्थित किला कोठी पर केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले में खाद की भारी किल्लत, अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे तथा पराली प्रबंधन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई।

मोर्चा ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि जिले में इन दिनों खाद की उपलब्धता गंभीर समस्या बनी हुई है। कई केंद्रों पर किसान निर्धारित दरों पर खाद न मिलने से परेशान हैं और कालाबाज़ारी के कारण उन्हें ऊँचे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके चलते बुवाई एवं आगामी फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा के संरक्षक जसदेव सिंह ने बताया कि खाद संकट से किसान बेहद परेशान हैं। सरकार को चाहिए कि वितरण प्रणाली की सघन निगरानी करे ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके। साथ ही अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और पराली प्रबंधन के लिए वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराए जाएँ। मोर्चा ने ज्ञापन में यह भी कहा कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि से जिले के कई क्षेत्रों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान आर्थिक संकट में हैं। वहीं शासन द्वारा बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के पराली जलाने पर रोक लगाए जाने से किसानों को अगली फसल की तैयारी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में मांग की है कि खाद वितरण की सघन निगरानी की जाए, कालाबाज़ारी करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो, अतिवृष्टि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, और पराली प्रबंधन के लिए हर ग्राम पंचायत में बैलर व मल्चर मशीन की व्यवस्था हो। साथ ही बैलर से तैयार फसल अवशेष के गट्ठों के बेचने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि किसान वर्ग पहले से ही आर्थिक तंगी झेल रहा है, ऐसे में यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

## मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गनिहारी निवासी रविन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज रघुवंशी और उसके दो साथियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्यामगढ़ निवासी सविता आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ब्रजपाल प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत खचा मोहल्ला ईसागढ निवासी लंकेश बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण कौली, सेव संधू और दीप संधू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से करण कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लंकेश और शक्ति बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सारसखेडी निवासी शेवेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रिंकू और संजू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरांय थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी संजीव रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुखवीर जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी अनुराग नरबरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुनील रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूडरा कलां निवासी राजकुमारी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अजबसिंह अहिरवार और अनिल केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अजब सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि परमार रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अर्रोन निवासी पुष्पाबाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अशोक कुशवाह और सुमन कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुमन बाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुष्पा बाई और आशाराम कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## जीएसटी ग्रुप की सराहनीय पहल

# जीएसटी ग्रुप ने गांव में जरूरतमंद परिवारों को कपड़े और मिठाई बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर





रविवार को दीपावली से पहले जीएसटी ग्रुप ने गांव में जरूरतमंदों को कपड़े और मिठाई वितरित कर दीपावली पर जरूरतमंदों संग खुशिया बांटीं। दीपावली के पूर्व जीएसटी ने सामाजिक सेवा की भावना को साकार करते हुए ईसागढ़ के पास स्थित गाँव तिलहारी, महेशपूरा, धनवारा, डेंगा मोचार में जरूरतमंद परिवारों के बीच पुराने कपड़े और मिठाई के डिब्बों का वितरण किया।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी ग्रुप द्वारा शहर से दूर ईसागढ़ के पास पिछड़ी बस्तियों में मिठाई और कपड़े वितरित किए गए। 2017 से शुरू हुआ यह अभियान लगातार चल रहा है। ग्रुप के द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों से कपड़े देने की बात कही जाती है साथ ही कुछ मोबाइल नंबर दिए जाते हैं जिन पर लोग सम्पर्क करके अपना पता बताते हैं और फिर ग्रुप के सदस्य इनके घर से कपड़े लेकर आते हैं। इन कपड़ों को एक जगह एकत्रित किया जाता है। ग्रुप सदस्यों द्वारा इसके साथ ही मिठाई के डिब्बे बनवाए जाते हैं जो कि दीपावली के शुभ अवसर पर ग्राम में बच्चों को दिए जाते हैं। इस बार करीब 150 मिठाई के डिब्बे बनवाए गए थे। इस अवसर पर समूह के सदस्यों ने ग्रामीणों से संवाद कर दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और बुज़ुर्गों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। जीएसटी ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और साझा करने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। समूह द्वारा आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

## बेसहारा गौवंश को रखने बनाए जा रहे बाड़े

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायतो में आवारा गोवंश का अस्थाई बाड़ों में रखा जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मोहरीराय में 200 गोवंश की क्षमता का अस्थाई बड़ा तैयार किया गया है। जिसमें पानी एवं सारे भूसा की आवश्यक व्यवस्था पंचायत द्वारा की गई है। इसके अलावा अन्य ग्राम पंचायत जैसे पड़रिया, चिरौली, अमोदा जलालपुर, भादोन, राजपुर आदि ग्राम पंचायत में अस्थाई बाड़े तैयार किया जाकर पंचायत द्वारा भूसे और पानी की व्यवस्था की जाकर उनमें आवारा गोवंश को रखा जा रहा है। साथ ही सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर यदि किसी पशु पालक द्वारा आवारा गोवंश छोड़ा जाता है तो पंचायत संबंधित से 1000 रुपए जुर्माना के तौर पर वसूल सकेगी। विदित हो को की जनपद पंचायत अशोकनगर में 30 गौशाला निर्मित होकर वर्तमान में संचालित जिनमें 3000 की क्षमता से अधिक गौवंश रखा जा रहा है। जिन पंचायतों में गौशाला नहीं है उनके अस्थाई बाड़े बनाए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए जिससे सड़क पर आवारा गोवंश की समस्या से निजात पाई जा सके। साथ ही जिन पंचायतों में गौशाला है उनमें अतिरिक्त टीन शेड, भूसा, पानी की व्यवस्था पंचायतों से कराई जाकर अतिरिक्त गोवंश रखा जा रहा है।



## अखंड दीपक कलश यात्रा राजपुर पहुंची




**राजपुर।** रविवार को अखंड दीपक कलश यात्रा राजपुर पहुंची। माता भगवती देवी शर्मा शताब्दी वर्ष 2026 के सिलसिले एवं यात्रा गायत्री गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पंडित राम शर्मा जी के उद्देश्य मनुष्य में देवत उदय धरती पर स्वर्ग का को पूर्ण करने इस अभियान से आम जनता को जोड़ने के लिए यात्रा का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा किया जा रहा है। आज मनुष्य का चिंतन और चरित्र अधोगति की ओर अग्रसर है जीवन के धरातल उद्देश्य को भूलकर आज का मानव भौतिकता की चरम आपाधापी में फंसकर शांति पूर्वक जीवन जी रहा है। अपनी भारतीय मूल संस्कृति का गौरवपूर्ण इतिहास भूलता जा रहा है समाज को इस स्थिति से उभरते सामाजिक जीवन में समझना सुख शांति सौंदर्य सहयोग बढ़ाने गुरुदेव के प्रेरणा संदेश भर में इस प्रकार कलश यात्रा की जा रही है। लोगों को नशा छोड़ने जैसे शराब बीड़ी तंबाकू गुटका सिगरेट आदि कृतियों से दूर रहने की समझाएं जागृति फैलाई जा रही है क्योंकि नशा से कई परिवार उजड़ चुके हैं। यह यात्रा राजपुर कुशवाहा मोहल्ला पहुंची वहां से हनुमान मंदिर है चैराहा पर कार्यक्रम रखा गया जिसमें राजू यादव द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया इस मौके पर पंडित बाला प्रसाद शर्मा, कैलाश पालीवाल, गणेशराम सोनी पत्रकार, पप्पू राजपूत, गोरेलाल कुशवाहा सरपंच, ओंकार लाल जवारे एवं बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष कलश यात्रा का भाव पूजन आरती उतारी गई। 51 दीपों को प्रज्वलित कर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया, तत्पश्चात फलाहार का प्रसाद वितरण किया गया।

## रोटरी के नेत्र शिविर में 91 मरीजो की जांच, 41 के ऑपरेशन होंगे

**अशोकनगर।** रविवार को रोटरी क्लब द्वारा श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। इसमें काफी संख्या में मरीजो ने उपस्थित होकर जांच करवाई एवं कई मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस नेत्र शिविर में श्री करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर का विशेष सहयोग रहा। सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों ने 91 मरीजो की जांच की जाकर 41 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। ज्ञातव्य है कि रोटरी क्लब द्वारा अशोकनगर में प्रतिमाह के दूसरे रविवार को यह शिविर कई वर्षो से अनवरत आयोजित किया जा रहा है। जिसमे अन्य जिलों से भी मरीज उपचार के लिए आते है।

## लायंस हेल्पिंग हैंड द्वारा मधुमेह जागरूकता अभियान चलाया



**अशोकनगर।** रविवार को लायंस हेल्पिंग हैंड्स ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में मधुमेह जागरूकता अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर्स द्वारा करीब 50 लोगों की रैंडम बल्ड शुगर की जांच की साथ ही बीपी भी चेक किया। कार्यक्रम के संयोजक चंद्रेश यादव, फिरोज़ सुल्ताना, किरण कुशवाह, ज्ञानेश्वरी सक्सेना, सुनीता जैन रहीं। डॉक्टर्स ने बताया कि मधुमेह का प्रबंधन करने के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली, जिसमें नियंत्रित आहार, नियमित व्यायाम और रक्त शर्करा की नियमित निगरानी शामिल है, आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाओं (जैसे इंसुलिन या मौखिक दवाएं) का सेवन करना और तनाव प्रबंधन, पर्याप्त नींद और धूम्रपान छोड़ना भी महत्वपूर्ण है। साथ ही बताया गया किस तरह खान पान का ध्यान कर एवं व्यायाम करने से आप इस बीमारी से बच सकते हैं। लायंस के सेवा सप्ताह के अंतर्गत हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### डंपर ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुरा में रविवार को एक डंफर के चालक के अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सड़क पर पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क पर ही जाम लगाया और सड़क पर संकेतक सूचना पटट लगाने की मांग की। मृतक की पहचान देवीसिंह पुत्र रामचरण उम्र 30 साल निवासी चिन्कूपुरा के रूप में की गई है। यह घटना तब हुई जब सुबह देवी सिंह सौच के लिए जा रहा था तभी चन्देरी के ओर से आ रहे एक डंफर ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और डंफर को जप्त कर लिया है। चालक मौके से फरार हो गया। मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिवार जनों को सौंप दिया है।

### दो बाईक आपस में टकराई बाईक चालक घायल

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत इकोदिया के पुल पर दो बाईक आपस में टकरा गईं इस घटना में दोनो बाईक चालकों को चोटें आई हैं। एक बाईक चालक आजाद खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनोज आदिवासी ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। दूसरे बाईक चालक मनोज आदिवासी ने आजाद खान ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। उक्त घटना में दोनो को चोटे आईं हैं।

### टैक्सी पलटने से महिला घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी श्री बाई पत्नी कल्लू सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि टेक्सी क्रमांक एमपी67 जेडए 6435 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर आम सड़क मार्ग पर पलटा दिया। जिससे उसे चोटे आई हैं।

### टेक्सी में आग लगाने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला वार्ड क्रमांक 14 निवासी राजकुमार प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ओमप्रकाश बाल्मीक ने फरियादी के घर के आगे टेक्सी में आग लगाकर उसे जला दिया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 17 अक्टूबर

**अशोकनगर।** शासकीय आई.टी. आई. मोहरी राय अशोकनगर में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यार्थी एमपी ऑनलाइन के मध्यप्रदेश स्थित किसी भी कियोस्क से पोर्टल एवं साईट के माध्यम से 17 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते है। जिसकी च्वॉइस फिलिंग एवं प्रवेश शुरू हो चुकी है। आईटीआई प्राचार्य नीरज घंघोरिया ने बताया कि शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए लिंक पर रजिस्ट्रेशन करा कर संबधित ट्रेड का चयन कर उसी दिन प्रवेश हेतु कॉलेज उपस्थित होकर प्रवेश पा सकते है। प्रशिक्षणार्थी वर्तमान में शासकीय आईटीआई अशोकनगर में संचालित एनएसीवीटी एफिलिएटेड 03 व्यवसायों (ट्रेडो) मेकेनिक मोटर व्हीकल,कोपा, वेल्डर मे रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकते है एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अपनी 10वीं की अंकसूची के अनुसार ही करें।

### पर्यावरण सुरक्षा हमारा कर्तव्य मंगलेश शर्मा


**पिपरई।** मंडल गरेठी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला सर्वप्रथम मठ प्रांगण में उपस्थित कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत मां के चित्र पर तिलक दीप प्रज्वलित कर डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार संचालक गुरुजी के चित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किए। ग्राम का भ्रमण हाई स्कूल होते हुए कुशवाहा मोहल्ला केवट मोहल्ला श्रीराम जानकी मंदिर से होते हुए कार्यक्रम स्थल मठ धाम पहुंचे। प्रबोधन मंगलेश शर्मा ने पांच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण विषय पर विस्तार से जानकारी दी।

---

‘राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इतिहास सेवा और समर्पण से भरा है’

# मुनिश्री के सानिध्य में स्वयंसेवक संघ का शताब्दी समारोह मनाया






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी समारोह मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने आरएसएस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र का उत्थान हो विश्व का कल्याण हो यही है भारत की विशेषता। इसीलिए तो भारत महान कहा जाता है सारे दुनियां के देश अपने उत्थान के साथ दुसरे के उत्थान को दूर रहते हैं। भारतीय संस्कृति में संतों से जब पूछा गया कि हम किसे अपना कहे तो हमारे ऋषि मनीषियों ने कहा वसुदेव कुटुम्बकम हमारे लिए विश्व परिवार की तरह है।

उन्होंने का कि भगवान महावीर ने एक संकल्प दिया था हमें किसी का विनाश नहीं करना है हिंसा का त्याग कराया। हर व्यक्ति को अपने जीवन में हर दिन अपने आप को पांच मिनट का समय देना चाहिए। सबसे पहले अपने एकाकी शक्ति को पहचानें, मेरे साथ परमात्मा भी नहीं है माता पिता भाई बंधू देश समाज कोई नहीं तव विचार करें कि मुझे कुछ नहीं चाहिए। में देश के लिए समाज के लिए घर परिवार के लिए क्या कर सकता हूं। कमजोर लोगों से संगठन नहीं चलता बलजोर लोगों से संगठन चलता है। बजरंग बलि की तरह मैं भी भगवान की सेवा करूंगा। हम भगवान की रक्षा के लिए मर भी जाए तो शहीद माने जायेंगे। में इतना समर्थ हूं कि राष्ट्र की रक्षा कर सकता हूं, समाज की परिवार की रक्षा कर सकता हूं। दुनिया में सहयोग देने के लिए चल पड़े उसका नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। चलो हम दो जन मिलकर तीसरे का सहयोग करें तीन मिलकर चोथ, पांचवें इस तरह सेवा का क्षेत्र बढता चला गया। हम राष्ट्र के नाम पर एक हो सकते हैं।

### आचार्य भगवंत ने जो सन्देश दिया है वह हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है: प्रातं प्रमुख दुवे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक विद्या भारती प्रातं जागरण प्रमुख शिरोमणि दुवे ने कहा कि अभी पूज्य आचार्य का आशीर्वाद मिला उन्होंने कहा कि हम शिक्षा की पवित्रता को आगे बढ़ाना है जो बहुत ही गहरे सन्देश दिया है हम इन्हें शीर्ष तक पहुंचायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सौ वर्ष का हो गया। हमारा देश उत्सवों पर्वो का देश है जहां हर कार्य से लोग प्रेरणा लेते हैं भगवान श्रीराम भगवान महावीर हमारे आराध्य हैं हमारे मार्गदर्शक हैं। त्रेता युग में श्रीराम ने सोने की लंका को मिट्टी में मिलाकर हमारी संस्कृति सभ्यता को एक नई दिशा दी थी।

### जैन समाज ने किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह में अभिनन्दन

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी समारोह परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधा सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में मना रहे हैं। हम सभी स्वयं सेवक का जैन समाज की ओर से हार्दिक अभिनन्दन करते हैं इसके बाद भारत माता के चित्र का अनावरण किया और आचार्य भगवंत के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई सहित अन्य प्रमुख जनो ने सभी का अभिनंदन किया। इसके पहले ध्वज स्थापित किया ध्वजारोहण किया गया।

### शहर के विभिन्न मार्गों से निकला पथ संचलन



बौद्धिक कार्यक्रम के बाद सुभाषगंज से पथ संचलन निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकला। इस दौरान पथ संचलन के आगे एक वाहन चलता हुआ नजर आया जिसमें ध्वज लहरा रहा था। दिव्य घोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए यह पथ संचलन जिन जिन मार्गों से निकला उस मार्ग के रहवासियों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

### गांधी चैक पर रंगोली बनाई

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने शहर के गांधी चैक पर वर्ष 1925 से 2025 तक की इस यात्रा को लेकर एक आकर्षक रंगोली बनाई गई। यह रंगोली पूरे समय आकर्षण का केन्द्र रही।



---

शशांक से किया संवाद

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने किया हैंडलूम पार्क का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा संसदीय क्षेत्र गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को अशोकनगर जिले के तहसील चंदेरी में हैंडलूम पार्क पहुंचकर बुनकरों से संवाद करते हुए चंदेरी साडी. बुनाई की बारीकियों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना, जिस पर तुरंत कार्रवाई के लिए प्रशासन को निर्देश दिए गए। इस दौरान बीएससी स्नातक बुनकर शशांक से मिलकर केन्द्रीय मंत्री प्रभावित हुए, जिसने 3 साल में 100 से अधिक चंदेरी साड़ियाँ बनाकर 03 लाख रूपये से अधिक की कमाई की है। सिंधिया ने शशांक सहित सभी बुनकरों को आश्वासन दिया कि उनकी प्रतिभा और हुनर को सही मंच देने के लिए सरकार कटिबद्ध है। चंदेरी के हस्तकला उद्योग को आत्मनिर्भर बनाने और उसकी शुद्धता को कायम रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निरीक्षण के दौरान चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह,कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं निदेशक साथ थे।

### केन्द्रीय मंत्री ने हैण्डलूम पार्क किया पौधरोपण

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिले की तहसील चंदेरी भ्रमण के दौरान हैण्डलूम पार्क परिसर में आम के पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### राजपुर मंडल में निकला प्रभावी पथ संचलन



**राजपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को राजपुर मंडल में प्रभावी पद संचलन निकल गया। जिसमें स्वयंसेवको ने उत्साह के साथ शामिल होकर क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश दिया। इस दौरान राजपुर कस्बे में इस दौरान राजपुर कस्बे में सुबह 10:00 बजे राजपुर मंडल के सभी संघ के स्वयंसेवक का एकत्रीकरण हुआ। इसके बाद जिला सह कार्यवाह शिवहरे का बौद्धिक सत्र हुआ। संघ की 100 वर्षों की यात्रा और पांच परिवर्तन कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्र पुनर्निर्माण की अवधारणा पर प्रकाश डाला। बौद्धिक के बाद स्वयं सेवको ने संघ अनुशासन में संघ एक जैसी गणवेश में रहते हुए दो पंक्ति में राजपुर कस्बे में मेन मार्केट से होते हुए जैन मंदिर हरिजन बस्ती कपड़ा मार्केट पुलिस चैकी रामलीला मंच से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस बीच राजपुर कस्बे लोगों ने भारी उत्साह के साथ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों पर जोरदार पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह लोगों ने रंगोली बनाई।

---

क्षेत्र के 10 हजार 800 लोगों को मिलेगी निर्बाध बिजली

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्राम फतेहाबाद में 2.08 करोड़ के नए विद्युत उपकेंद्र का किया शिलान्यास






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिले के चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फतेहाबाद में 5 एमव्हीए क्षमता वाले नए 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास किया। इस परियोजना की कुल लागत 2.08 करोड़ रूपये है।

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने इस अवसर को क्षेत्र की जनता को स्थायी, स्थिर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल बिजली का एक उपकेंद्र नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के विकास, समृद्धि और जीवन की सुगमता की नींव है। इस परियोजना के तहत 1.3 किमी 33 केव्ही लाइन और 0.5 किमी 11 केव्ही लाइन बिछाने का कार्य भी किया जाएगा।

### 10 गांवों को मिलेगा लाभ

इस उपकेंद्र से चंदेरी नगर के वार्ड नं. 21,19 और 18 के साथ-साथ तगारी, बांकलपुर, हलनपुर, बराई, मोहनपुर खुर्द, भोजपुर, दविया, गुडावली, देवलखों और पछताना सहित 10 आस-पास के गाँवों के 10,800 लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि पहले इन वार्डों और गाँवों को चंदेरी उपकेंद्र से बिजली मिलती थी, जो लगभग 4.5 किलोमीटर दूर स्थित था, जिसके कारण ओवरलोडिंग, बार-बार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्याएँ बनी रहती थीं। केन्द्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि फतेहाबाद उपकेंद्र के चालू होने से ये सभी समस्याएँ प्रभावी ढंग से हल हो जाएँगी और पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार होगा। सिंधिया ने कहा कि यह परियोजना किसानों, छात्रों और व्यापारियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी और उन्हें अपने लक्ष्यों को बिना किसी रुकावट के प्राप्त करने में मदद करेगी। उन्होंने जनता से इस नई सुविधा का समुचित उपयोग करने और बिजली को व्यर्थ न करने का आह्वान किया। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक आदि रहे मौजूद।

---

गर्ल्स स्कूल के नवीन भवन का अतिशीघ्र निर्माण करने की मांग

# संयुक्त छात्र सम्मेलन का आयोजन

**अशोकनगर।** जिले मे स्कूलों का संयुक्त स्कूल छात्र सम्मेलन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत हम होगे कामयाब व देश में एकता रहे गीत से की गई। आगे कार्यक्रम में नवजागरण काल महान मनिष्य सबित्री बाई ज्योतिबा राव फूले के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पिछले छात्र सम्मेलन से अभी तक की रिपोर्ट पड़ी गई, और प्रस्ताव पड़ा गया जिसमे सभी छात्रों ने बात रखी।

इसी सम्मेलन के क्रम में एआईडीएसओ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र विजौरे ने कहा कि शिक्षा हमेशा मानव के लिए इंसान बनती हैं सही और गलत में अंदर सिखाती हैं, पर आज मध्य प्रदेश और जिला अशोक नगर में भी स्कूलों में देखा गया कि सरकारी स्कूलों की हालात जर्जर हो चुकी है, बिजली व्यवस्था, छात्र संख्या के अनुसार फर्नीचर- बैठक व्यवस्था, बालक-बालिका शौचालयों की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, पर्याप्त अध्ययन सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हैं और साथ ही शिक्षक व तकनीकी सहायकों की नियुक्ति सुनिश्चित की कार्यों से मुक्त किया जाना चाहिए। दूसरी ओर हमारे अशोकनगर के 9 सरकारी स्कूलों को सांदीपनी विद्यालय (सी एम राइज स्कूल) में मर्ज करने के नाम पर बंद किया जा रहा है। इन 9 विद्यालयों में लगभग 5 हजार छात्र अध्ययनरत हैं। जबकि सी एम राइज की सीट संख्या मात्र 2100 है और 975 छात्र इसमें पहले से ही अध्ययनरत है। ऐसे में बाकी छात्रों के भविष्य का क्या होगा? ये बेहद चिंतनीय है कि अशोकनगर के 9 विद्यालयों जिनमें शहर का एकमात्र गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल जिसमें लगभग 1050 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं, सीएम राइज नीति में 10 से 15 किमी के स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है जिसके तहत शंकरपुर मगरदा का प्राथमिक विद्यालय जिसकी छात्र संख्या 135 दर्ज है उसको बंद कर दिया हैं। आगे जिला उपाध्यक्ष राखी ने बताया कि शिक्षा के लिए नवजागरणकाल महान मनिष्य सबित्री बाई, ज्योतिबा राव फूले ने संघर्ष किया था कि हर छात्र को सूर्य की रोशनी और बारिश की बूंदों की सरह बगैर किसी भेदभाव के एकसमान शिक्षा सभी को मिलना चाहिए। मगर आज हमारे सामने गैर लोकतांत्रिक तरीके से शिक्षा नीति 2020 को 29 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई थी।



---

सिंधिया ने हैंडलूम पार्क चंदेरी का दौरा करते हुए बुनकरों से की चर्चा

# मेरा हर बुनकर सोने के समान और इनकी सुरक्षा व समृद्धि मेरी जिम्मेदारी: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मेरा हर बुनकर सोने के समान है। आप लोग इस देश के खज़ाना हैं, और आपकी सुरक्षा व समृद्धि मेरी जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने बुनकर पार्क का अवलोकन किया, बुनकरों से चर्चा की और चंदेरी साड़ी को देखा। रविवार को अशोकनगर जिले के तहसील चंदेरी में इंडसट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन स्कीम प्रोजेक्ट, हैंडलूम पार्क का केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं परियोजना निदेशकों के साथ बैठक ली। उन्होंने ‘वोकल फॉर लोकल’ के मंत्र की सजीव मिसाल माने जाने वाले इस केंद्र की विस्तृत समीक्षा की और बुनकरों को सीधे लाभ सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं परियोजना हितधारकों को निर्देश दिए।



### बुनकरों की आय बढ़े और उन्हें मिले हैंडलूम पार्क का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष मिले लाभ

केन्द्रीय मंत्री ने चंदेरी की इस जीवंत परंपरा से जुड़े 6,000 बुनकरों तथा हैंडलूम पार्क में कार्यरत सभी 240 सक्रिय करघों के संचालन की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। सिंधिया ने प्रशासन एवं परियोजना प्रमुख को सख्त निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करते हुए बुनकरी उद्योग के पुनरोद्धार हेतु एक ठोस कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस योजना में बुनकरों की आय, उत्पादन, तथा हैंडलूम पार्क के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों का विस्तृत मूल्यांकन शामिल होना चाहिए, ताकि योजना की सफलता को धरातल पर मापा जा सके। बुनकरों से संवाद के दौरान सिंधिया ने कहा कि पूरे विश्व में सिर्फ यही 6 हजार बुनकर हैं जिनके पास यह हस्तकला का हुनर है। इन हाथों से बनने वाला हर उत्पाद प्रीमियम उत्पाद है। पूरा विश्व मशीनों की ओर भाग रहा है लेकिन आप सभी हाथों से इन कपड़ों का उत्पादन कर रहे हैं। जो डिजायन और गुणवत्ता आप लोग बना रहे हैं, वो पूरे विश्व में कही नहीं है इसलिए इसकी मांग बढ़ना और आपका मुनाफा बढ़ना तय है।

### शुद्धता हो सुनिश्चित और बिचौलियों पर हो कड़ा प्रहार

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने निर्देश दिये कि इस बात का विस्तृत अध्ययन हो कि हैंडलूम पार्क आने से बुनकरों को कच्चे माल की खरीद से लेकर पैकेजिंग और ब्रांडिंग तक क्या लाभ मिल रहा है, जो उन्हें घर पर नहीं मिलता। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चंदेरी की बुनाई कला प्रदूषित नहीं होनी चाहिए, यानी उत्पादों में किसी भी कीमत पर मिलावट नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिचैलियों को पूरी तरह से जड़ से खत्म करने पर जोर दिया और बुनकरों को अपनी वेबसाइट बनाकर सीधे ग्राहकों को बिक्री करने का सुझाव दिया। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल पथ अपनाकर पूरे विश्व के साथ कदमताल कर रहा है, ऐसे में हमारे बुनकर भाइयों को भी डिजिटल इंडिया का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि फैब इंडिया और रॉ मैंगो जैसी खरीददार कंपनियों के कार्यालयों की स्थिति की जांच की जाए और अधिक से अधिक कंपनियों के कार्यालय यहाँ स्थापित करवाए जाएं, ताकि वे सीधे बुनकरों से खरीद करें।



### मानवीय सुविधाओं और तकनीक का हो उन्नयन

केन्द्रीय मंत्री ने हैण्डलूम पार्क के रखरखाव और वहां की मानवीय सुविधाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बुनकरों के लिए एक कमरा खाली हो, जहाँ वे रात बिता सकें, और अन्य खाली कमरों को उनके बच्चों के लिए अलग कमरा बनाने पर विचार किया जाए। उन्होंने बुनकरों के लिए एक स्थायी सुविधा के रूप में वीवर सर्विस सेंटर का कार्यालय चंदेरी में ही स्थापित करने के निर्देश दिये जो वर्तमान में केवल इंदौर में है। उन्होंने वर्ष 2008 में स्थापित की गई 6 केट केम मशीनों की स्थिति की जाँच कर उन्हें तुरंत बहाल करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि पार्क में मौजूद 240 करघों में से 120 करघों पर महिला बुनकर होनी चाहिए। बैठक में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं निदेशक उपस्थित थे।



हजारों की संख्या में कदमताल करते हुए निकले स्वयंसेवक, अनेकों स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

# ऐतिहासिक पथ-संचलन में भारत माता के जयकारों से गूंज उठा राजगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को राजगढ़ नगर में संघ का ऐतिहासिक पथ-संचलन निकाला गया। इस पथ-संचलन में नगर सहित आसपास क्षेत्र के हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। नगर के विभिन्न स्थानों पर एकत्रित हुए छह टोलियों का समागम स्थानीय नाका नंबर-3 पर हुआ जहां से सभी स्वयंसेवक एकसाथ कदमताल करते हुए बाईपास से होते हुए स्टेडियम परिसर पहुंचे। इस बीच स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, स्वयंसेवी एवं अन्य संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का अभूतपूर्व स्वागत, अभिनंदन किया गया। पथ-संचलन के स्टेडियम पहुंचने पर राजगढ़ की धरा पर जन्मे आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी का उद्धबोधन हुआ।



## समाज में पंच-परिवर्तन लाने पर दिया जोर



लगभग एक घंटे से अधिक समय तक चले अपने उद्धबोधन में सोनी ने समाज में पंच परिवर्तन की अवधारण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने आरएसएस की स्थापना के मूल उद्धेश्य एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर भी अपनी बात रखी। पंच-परिवर्तन के तहत उन्होंने कहा कि पहला परिवर्तन परिवार है। वर्तमान में हावी पश्चिमी सभ्यता और संस्कृति से अपने परिवार को बचाते हुए भावी पीढ़ी का निर्माण हमें करना है। इसके साथ ही समाज में समरसता एवं सद्भाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन सिर्फ मानव तक सीमित नहीं है बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर भी हमें विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। अगर पर्यावरण बचेगा तभी मानव जीवन रह पाएगा। उन्होंने कहा कि पंच-परिवर्तन का चैथा भाव स्वबोध है। हम क्या हैं और देश व समाज के हित हेतु हमें क्या करना है, इन सभी बातों का समावेश अपने जीवन में करना होगा। इसके साथ ही पंच-परिवर्तन का पांचवा भाव नागरिकों के कर्तव्य है।

### समाज में पनपे मूल दोष को हमें खत्म करना होगा

मुख्य वक्ता सोनी ने अपने उद्धबोधन के आरंभ में कहा कि हजारों सालों तक अलग-अलग देशों, जातियों ने आकर देश पर राज किया। सन 1925 में हुई आरएसएस की स्थापना के समय इस बात का भी ध्यान रखा गया कि अंग्रेजी हुकुमत से देश तो आजाद हो जाएगा लेकिन उसके उपरान्त समाज में दासता के मूल दोष को खत्म करने के लिए हमें क्या-क्या करना होगा।

### चाक-चौबंद रही पुलिस प्रशासन की व्यवस्था

पथ-संचलन के अभूतपूर्व एवं वृहद आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यापक स्तर पर इतंजाम किए गए थे। अलग-अलग स्थानों पर पुलिस के आलाधिकारी अधीनस्थों को दिशा-निर्देश देते हुए नजर आए। पथ-संचलन के दौरान यातायात व्यवस्था भी सुव्यवस्थित नजर आई।

### व्यापारियों ने स्वेच्छा से बंद रखे अपने प्रतिष्ठान

राजगढ़ नगर में हुए इस वृहद आयोजन के चलते दोपहर 2 बजे उपरान्त नगर के लगभग सभी प्रतिष्ठान, दुकानें पूरी तरह बंद नजर आए। व्यापारियों ने स्वयं संचलन में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

26 अक्टूबर को होगा स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर

# भगवान धन्वंतरि प्राकट्य उत्सव को लेकर आरोग्य भारती की बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आरोग्य भारती मध्य भारत प्रांत, जिला ब्यावरा तहसील इकाई की बैठक शनिवार को स्थानीय सिविल अस्पताल के मीटिंग हॉल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भगवान धन्वंतरि प्राकट्य उत्सव एवं आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान डॉ.चौहान ने बताया कि भगवान धन्वंतरि का प्रकटोत्सव 18 अक्टूबर 2025 (धनतेरस) के दिन सिविल अस्पताल में विधिवत पूजा-अर्चन के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। नगर के विभिन्न स्वास्थ्य क्लीनिकों पर भी इस दिन धन्वंतरि पूजन होगा। उन्होंने कहा कि यह दिन आयुर्वेद और चिकित्सा के देवता भगवान धन्वंतरि के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चन से हुई। आरोग्य भारती के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार ने भगवान धन्वंतरि के समुद्र मंथन से प्रकट होने की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि धन्वंतरि की पूजा से न केवल स्वास्थ्य लाभ मिलता है, बल्कि सुख-समृद्धि भी प्राप्त होती है। संरक्षक नंदकिशोर सोनी ने कहा कि धन्वंतरि जयंती आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और स्वदेशी चिकित्सा पद्धति के जागरण का अवसर है। सचिव डॉ. आर्य ने बताया कि भगवान धन्वंतरि ने मानवता को चिकित्सा का ज्ञान दिया, इसलिए आयुर्वेद को सर्वोच्च माना गया है। बैठक में सभी सदस्यों ने मिलकर आगामी कार्ययोजना तैयार की।

### 26 अक्टूबर को स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर

भगवान धन्वंतरि प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में 26 अक्टूबर 2025 को सुदर्शन नगर स्थित माता मंदिर परिसर में स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर और नेत्र परीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. नितेश मिश्रा, डॉ. दुर्गेश चंद्रवंशी, डॉ. विजय चैहान, डॉ. नितेश जोशी, सहित रमेशचंद वर्मा, प्रकाश परमार, मीडिया प्रभारी कैलाश शर्मा, पर्यावरण प्रेमी रामनारायण टेटवाल, रमेशचंद गुजरिया, शिवनारायण मालवी, मनोज पुष्पद एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# ब्यावरा का खिलाड़ी बिखेर रहा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



इंडियन मास्टर्स और न्यूजीलेंड के बीच 3 मैच की सीरीज भोपाल में इंडियन मास्टर्स एवं न्यूजीलेंड मास्टर्स की क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की सीरीज भोपाल मे प्रारम्भ हुई। रविवार को सम्पन्न सीरीज के पहले मुकाबले मे इंडियन मास्टर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए न्यूजीलेंड को 4 विकेट से पराजित किया। उल्लेखनीय है की इंडियन मास्टर्स की टीम मे ब्यावरा के मूल निवासी प्रतिभावान खिलाडी राहिल परवेज बतौर विकेट कीपर बैट्समेन भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राहिल परवेज के चयन ने जिले का गौरव बढ़ाया है।

नवदंपती मिलन कार्यक्रम आयोजित

# युवा दंपत्तियों के साथ-साथ संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के अंतर्गत रविवार को नगर में नवदंपत्ति मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा दंपत्तियों के साथ-साथ संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह और संघ के अखिल भारतीय अधिकारी सुरेश सोनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### संयुक्त परिवार व्यवस्था को बताया भारत की पहचान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोनी ने कहा कि संयुक्त परिवार की परंपरा भारतीय समाज की पहचान रही है। उन्होंने कहा, एकल परिवार की व्यवस्था हमारे देश की परंपरा नहीं है, बल्कि यह विदेशी चलन है। हमारी संस्कृति में परिवार केवल माता-पिता और बच्चों तक सीमित नहीं, बल्कि दादा-दादी, चाचा-चाची, भाई-बहन, सभी का स्नेह और साथ होता था। उन्होंने बताया कि संयुक्त परिवार में रहकर बच्चे न केवल संस्कार सीखते हैं, बल्कि अपने बड़ों के अनुभवों से जीवन जीने की कला भी समझते हैं। समय के साथ एकल परिवार का चलन बढ़ने से आपसी संवाद और पारिवारिक एकजुटता में कमी आई है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है।

## युवा पीढ़ी को दिया संदेश

सोनी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिकता को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को न भूलें। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार न केवल सामाजिक सुरक्षा देता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती का भी आधार होता है। परिवार ही वह पहला विद्यालय है जहां बच्चा जीवन के संस्कार सीखता है।इस मौके पर संघ के विभाग संघचालक उदयसिंह चैहान, नगर संघचालक राधेश्याम शर्मा मंचासीन रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्धेश्य नवदंपत्तियों में पारिवारिक एकता, भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। संघ द्वारा देशभर में इस प्रकार की कुटुंब प्रबोधन गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि समाज में पारिवारिक व्यवस्था मजबूत बनी रहे और आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहें।

### संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव पर बल

सोनी ने कहा कि यदि परिस्थितियों के कारण परिवार एक साथ नहीं रह पा रहे हैं, तो भी सप्ताह में कम से कम एक दिन सभी को एकत्र होकर भोजन करने की परंपरा शुरू करनी चाहिए। इससे आपसी संबंध मजबूत होंगे और आने वाली पीढ़ियों में पारिवारिक जुड़ाव की भावना विकसित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हर हिंदू परिवार में धार्मिक ग्रंथ और साहित्य होना चाहिए ताकि बच्चे अपने धर्म, संस्कृति, त्यौहारों और महापुरुषों के बारे में जान सकें। उन्होंने नवदंपत्तियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने व्यवहार, वाणी और जीवनशैली से परिवार में संस्कारों का वातावरण बनाना चाहिए।

राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग में दिखाया जज्बा

# कुरावर की अवनी ने जीता एक गोल्ड एवं दो रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

विगत दिनों जिला प्रशासन एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आई.टी.एम. स्कूल, तुरारी, झांसी रोड, ग्वालियर में 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर को सम्पन्न हुई। जिसमें 69वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 2025 में नगर कुरावर स्थित निजी डायनामिक इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 8वीं की छात्रा अवनी पिता नितेश अग्रवाल ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर-19 आयु वर्ग की 1000 मीटर रिंक रेस में बेहतरीन प्रदर्शन कर रजत पदक जीता एवं 3000 मीटर रोड रेस फाइनल में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त कर राट्रीय स्तर पर चयन सुनिश्चित किया।

राजगढ़ जिले से पहली बार कोई बालिका स्केटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई हे। यह उपलब्धि न केवल उनके विद्यालय और जिले के लिए गौरव की बात है बल्कि इस बात का प्रतीक भी है कि सपनों की उड़ान को मंजिल तक पहुँचने के लिए बस हौसले की जरूरत होती है।




# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के सामने रखी किसानों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के पदाधिकारी ने मिलकर भोपाल से ग्वालियर की तरफ जाते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह को प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के पदाधिकारी ने किसानों की समस्या रखी। इस दौरान कहा कि हमारे किसान मजदूर की समस्या बताएं, अभी तक नहीं तो बीमा मेला कर्मचारी मुआवजा मिला नहीं तो खाद मिल रहा है न बिजली मिल रही। न ही सोयाबीन में भाव हमें भावांतर नहीं चाहिए भाव चाहिए संयुक्त किसान मोर्चा ने मिलकर निर्णय लिया गया है 15 तारीख से 20 तारीख तक पूरा मध्य प्रदेश में धरना प्रदर्शन ज्ञापन दिया जाएगा। सरकार नहीं मानेगी तो 27 तारीख को भोपाल में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इन मौका पर प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति, केसर सिंह गुर्जर संगठन मंत्री, सूचना मंत्री लक्ष्मीचंद दांगी, प्रेमनारायण सरपंच, कन्हैयालाल, राजेश दांगी, दिलीप साहू आदि शामिल थे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**जीरापुर।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में पूरे भारतवर्ष में कक्षा पांच से 12वीं तक एवं कॉलेज स्तर पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर अपने समसामयिक ज्ञान में वृद्धि करते हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की प्रमुख विशेषता यह है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महापुरुष, भौगोलिक जीवन की कला एवं वैज्ञानिक दृष्टि से पांचवी से 12वीं एवं कॉलेज स्तर तक के बच्चों को विभिन्न प्रश्नोत्तरी का ज्ञान इस परीक्षा से प्राप्त होता है। गायत्री शक्तिपीठ मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी ने बताया कि नगर के शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सभी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होकर सभी प्रकार के ज्ञान के प्रश्न उत्तर का अनुभव प्राप्त करेंगे। इसलिए अधिकाधिक संख्या में इस परीक्षा में सम्मिलित होवे। ताकि आपको इस परीक्षा से जो अनुभव मिलेगा वह आपके भविष्य में अन्य परीक्षाओं में बेहतर अनुभव के साथ काम आएगा।

# स्वदेशी अपनाना ही सच्ची देशभक्ति : डॉ. ध्रुव भल्ला



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय स्वदेशी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. ध्रुव भल्ला ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में जितना अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग किया जा सकता है, हमें करना चाहिए। अपने आसपास निर्मित स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना ही देश के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। संगोष्ठी की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद सारंग के अध्यक्ष सुशील व्यास ने की। उन्होंने कहा कि संगठन शिल्पी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की चिंता की थी। उनका 'एकात्म मानववाद' आज भी समाज के सर्वांगीण विकास का मार्गदर्शन करता है।

कार्यक्रम की भूमिका जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रस्तुत की। शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोइया, डॉ. ध्रुव भल्ला, सुशील व्यास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पवन बेस एवं सुश्री रेखा नागर ने किया तथा आभार प्रदर्शन दर्शन फूलसिंह नागर द्वारा किया गया।

मंत्री नारायण सिंह पंवार व सांसद रोडमल नागर ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रविवार को सुठालिया बड़े बाग वाले हनुमान मंदिर परिसर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत ब्यावरा विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पंवार एवं क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सम्मेलन का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ,इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की उपस्थिति रही। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं कृ हर घर नल से जल (जल जीवन मिशन), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो कहा गया, वह करके दिखाया गया। चाहे वह अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का ऐतिहासिक रूप से हटाया जाना कृ भाजपा सरकार ने अपने हर वादे को धरातल पर उतारकर दिखाया है। आज भारत न केवल सांस्कृतिक रूप से पुनर्जीवित हुआ है, बल्कि आर्थिक, सामरिक और सामाजिक रूप से भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।"उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में पूर्ण विज्ञान निहित है, जिसे आज विदेशी देश सीखकर आगे बढ़ रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी की नीतियों और भारत की तेज प्रगति की पूरे विश्व में सराहना हो रही है और उनके नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

### इस अवसर पर सांसद ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा

आत्मनिर्भर भारत का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होगा जब हम 'स्वदेशी अपनाएं'। प्रधानमंत्री मोदी जी का 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना से जुड़ा है। जब हम अपने उत्पाद, अपनी मिट्टी और अपने श्रम का सम्मान करेंगे, तभी सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत बनेगा। सांसद नागर ने कहा कि आज भारत की सेना लगातार सशक्त हो रही है, हमारे सैनिक आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन के माध्यम से आधुनिक हथियारों से लैस हैं। अब भारत रक्षा के क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक देश बनकर उभर रहा है, जो आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सफल बनाने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में राजगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जगदीश पंवार, जसवंत गुर्जर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, रामनारायण दांगी, अशोक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, बलवान सिंह, दिनेश मीना, जयेंद्र गुर्जर, राजू यादव, कल्याण सिंह गुर्जर, इंदर सिंह लववंशी,पवन कुशवाह, गिरराज लोधी सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।